वो बरसाना है मेरा

यहाँ सदा बरसती कृपा रहे,
वो है राधा जूं का बसेरा,
वो बरसाना है मेरा,
वो बरसाना है मेरा,
एक बार तू आकर देख जरा,
दुख कट जाएगा तेरा,
वो बरसाना है मेरा,
वो बरसाना है मेरा।।

जप ले माला श्री राधा नाम की,
मिलेंगे बाँके बिहारी,
सब कष्ट कलेश मिटेंगे,
मुश्क़िल हल होगी तेरी सारी,
हल होगी तेरी सारी,
एक हरि नाम संग जाए,
बाकी छोड़ दे तेरा ढ़ेरा,
वो बरसाना है मेरा,
वो बरसाना है मेरा।।

हो अमीर चाहे गरीब,
माँगने तेरे दर हैं आते,
है खाली हाथ वो आते,
और भर झोलियाँ हैं ले जाते,
भर झोलियाँ हैं ले जाते,
है कमी नहीं कोई भी रिम्मी,
भर दिया है घर तेरा,
वो बरसाना है मेरा,
वो बरसाना है मेरा।।

राधा राधा के नाम की गूँज,
पड़ेगी जब कानों में,
फिर ऐसा नशा हो जाएगा,
जो मिलता मैख़ानो में,
जो मिलता मैखानो में,
सब छोड़ के तुम घर बार,
लगाओगे यहाँ पे डेरा,
वो बरसाना है मेरा,
वो बरसाना है मेरा।।

चढ़ सीढियाँ तू बरसाने की,
जब महलन में पहुँचेगा,
होंगे दर्शन श्री लाडली के,

फिर मुख से कुछ ना कहेगा,
फिर मुख से कुछ ना कहेगा,
खुद पकड़ के तेरा हाथ,
वो भव से पार करेगी बेड़ा,
वो बरसाना है मेरा,
वो बरसाना है मेरा।।

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/23641/title/wo-barsana-hai-mera

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |